दिन–गुरूवार दिनांक– 01/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स का उद्‌घाटन किया।

02. प्रधानमंत्री ने कहा– भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग और संगीत का वैश्विक केंद्र बनता जा रहा है।

03. मोकामा में मिड डे मील खाने से बच्चों के बीमार होने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया।

04. और, प्रदेश में पटना सहित कई स्थानों पर तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। वज्रपात को लेकर सोलह से अधिक जिलों में रेड अलर्ट।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी।

–––बाइट–––

सौ से अधिक देशों के आर्टिस्ट, इन्वेटर्स, इन्वेस्टर्स और पॉलिसी मेकर एक साथ, एक ही छत के नीचे एकत्र आए हैं। वेव्स ये सिर्फ एक्रोनियम नहीं, ये वाकई एक वेव है, कल्चर की, क्रिएटिविटी की, यूनिवर्सल कनेक्ट की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के एनिमेशन और ग्राफिक डिजाइन उद्योग के लिए खुद को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

–––बाइट–––

आज भारत फिल्म प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और म्यूजिक का ग्लोबल हब बन रहा है। लाइव कंसर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशन मॉर्किट का साइज फोर हंडरेंड एंड 30 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले दस सालों में यह डबल हो सकता है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर प्रयासरत है और उसके पास विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप सिस्टम है।

–––बाइट–––

आज भारत दुनिया की थर्ड लार्जेस्ट इक्नॉमी बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत ग्लोबल फिन्टेक एडोप्शन रेट में नंबर –1 है। दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में है। विकसित भारत की हमारी जर्नी तो अभी शुरू हुई है। भारत बिलियन प्लस आबादी के साथ–साथ बिलियन प्लस टूरिस्ट का भी देश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय फिल्में अब विश्व के कोने–कोने तक पहुंच रही हैं और आज भारतीय फिल्में सौ से अधिक देशों में प्रदर्शित की जा रही हैं।

---

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है। एनएचआरसी ने पटना जिले के मोकामा के स्कूल में मिड–डे मील खाने के बाद सौ से अधिक बच्चों के बीमार पड़ने की मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया। खबर के अनुसार कथित तौर पर, रसोइए ने खाने से मरा हुआ साँप निकलने के बाद वही भोजन बच्चों को परोस दिया। आयोग ने मुख्य सचिव और वरीय पुलिस अधीक्षक, को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट माँगी है। रिपोर्ट में बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का विवरण देने का आदेश दिया है।

---

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने विश्‍व श्रमिक दिवस पर देश के सभी कामगारों को बधाई दी है। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विकसित भारत का संकल्प साकार करने के लिये दिन–रात परिश्रम करने वाले श्रमिक लोगों का जीवन सुगम बना रहे हैं तथा अपने कठिन श्रम और समर्पण से अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रमिक भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। पटना में श्रम संसाधन विभाग मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोलह प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ प्रदेश के सभी प्रमंडलों में श्रम संसाधन विभाग के योजनाओं की जानकारी देंगे। कैमूर जिले के इटाढ़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय विधायक भरत बिंद ने तीन सौ से अधिक योजनाओं के लाभुक श्रमिकों के बीच डमी चेक का वितरण किया। मधुबनी श्रम संसाधन विभाग द्वारा मजदूर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। श्रम अधीक्षक दिनेश कुमार ने मजदूरों के अधिकार और दायित्व के बारे में जानकारी दी।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के शुभारंभ को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। उद्घाटन समारोह पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार मई को इस समारोह का उद्घाटन करेंगे। इधर, खेलो इंडिया की मशाल गौरव यात्रा राज्य भर के अलग–अलग जिलों का सफर तय करते हुए पटना पहुंच गई है। कल यह गौरव मशाल यात्रा संपन्न होगी। आज और कल पटना जिले के अलग–अलग हिस्सों में खेलो के शुभंकर गजसिंह के नेतृत्व में यात्रा निकाली जाएगी।

---

खेलों के इस महाकुंभ के लिए आयोजन स्थल को अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया गया है। ई स्पोट्र्स को जहां खेलों के महाकुंभ में शामिल किया गया है, वहीं ग्रामीण और पारंपरिक खेलों मलखंभ, योगासन, गतका के कौशल भी खेल प्रेमियों को लुभायेंगे। सुनते हैं हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

–––रिपोर्ट–––

---

इस खेल आयोजन के तहत पांच मई से चौदह मई तक बेगूसराय के दो स्टेडियम में फुटबॉल मैच खेले जायेंगे। इस संबंध में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के खिलाड़ियों को ठहराने और उनके भोजन के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने **'बीस साल विकास के, बदलते बिहार के'** रिपोर्ट जारी की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किये गए कार्यों का उल्लेख है।

---

केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने के फैसले का हर तरफ स्वागत हो रहा है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आज गया में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वक्फ संशोधन कानून किसी भी धर्म के विरुद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कानून धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं करता है।

---बाइट---

---

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने आज कहा कि केन्द्र सरकार ने इस वर्ष नये सीजन में दो सौ छप्पन लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री चोपड़ा ने बताया कि सरकार का उद्देश्य इस वर्ष के अंत तक अपने लक्ष्य से तीन सौ बारह लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद से जुड़ी प्रक्रिया अब किसानों के लिए सरल हो गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण, समय पर वजन कराने तथा अड़तालीस घंटे के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान मिलने की सुविधा किसानों को मिल रही है।

---

बिहार कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सुजाता चतुर्वेदी को केंद्रीय लोक सेवा आयोग का सदस्य बनाया गया है। श्रीमती चतुर्वेदी ने केंद्र और बिहार राज्य कैडर में विभिन्न पदों पर सेवा दे चुंकी हैं।यूपीएससी के सदस्य की नियुक्ति छह वर्षों के लिए या पैंसठ वर्ष की उम्र तक की जाती है।

---

प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह से ही तेज हवा और मेघगर्जन के साथ बारिश का सिलसिला जारी है। पटना और आसपास के जिलों में कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, गया, नालंदा, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चंपारण और समस्तीपुर सहित सोलह जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने विशेष तौर पर वज्रपात की आशंका के मद्देनजर लोगों को सावधान रहने की अपील की है।

---बाइट---

---

आज रामकृष्ण मिशन का स्थापना दिवस है। पहली मई अठारह सौ सत्तावन को स्वामी विवेकानंद ने उत्तर कोलकाता में ठाकुर रामकृष्ण के अनुयायी बलराम बसु के घर में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। मिशन का उद्देश्य ठाकुर रामकृष्ण के आदर्शों का प्रचार करना था।

---

मुंगेर जिले के धरहरा प्रखंड अंतर्गत औडाबगीचा वनवर्षा मुख्यमार्ग के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर–नरकटियागंज मुख्य मार्ग के दिउलिया मोड़ के पास ऑटो और बोलेरो की आमने–सामने टक्कर में ऑटो सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मद्यनिषेध विभाग सुपौल की टीम ने शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत लौकहा ओपी क्षेत्र अंतर्गत अमहा ग्राम के पास से एक प्याज लदे ट्रक से लगभग तीन हजार लीटर विदेशी शराब जब्त की है। मौके से ट्रक चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स का उद्घाटन किया।

02. प्रधानमंत्री ने कहा– भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग और संगीत का वैश्विक केंद्र बनता जा रहा है।

03. मोकामा में मिड डे मील खाने से बच्चों के बीमार होने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया।

04. और, प्रदेश में पटना सहित कई स्थानों पर तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। वज्रपात को लेकर सोलह से अधिक जिलों में रेड अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।